अध्याय 8

# आओ पहाड़े बनाएँ

**अधिगम बिन्दुं**
- पहाड़ो की समझ
- पहाड़े बनाने का अभ्यास
- 11 से 20 तक पहाड़े बनवाना

## 8.1 पहाड़ो की समझ


चिनु और दिशु स्टेशनरी की दुकान पर जाते हैं व कॉपी का मूल्य पूछते हैं। दुकानदार एक कॉपी का मूल्य 7 रु. बताता है। दिशु छः कॉपियाँ खरीदती हैं और हिसाब लगाती हैं।

दिशु का तरीका



$$\begin{array}{r} 7 \\ +\ 7 \\ \hline 14 \\ +\ 7 \\ \hline 21 \\ +\ 7 \\ \hline 28 \\ +\ 7 \\ \hline 35 \\ +\ 7 \\ \hline 42 \end{array}$$

दिशु 7–7 को छः बार जोड़ती है। फिर दुकानदार को हिसाब चुकाती है।



## 8.2 पहाड़े बनाने का अभ्यास

मान लो तुम्हें 7 का पहाड़ा बनाना है, तो तुम आड़ी लाइन पर 7–7 गोले बनाते जाओ। पूरे सात गोले हो जाने पर अगली लाइन शुरू कर देनी है और उनमें गिनती लिखते जाएँ।

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 1x7 = 7 |
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 2x7 = 14 |
| 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 3x7 = 21 |
| 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 4x7 = 28 |
| – – | – – | – – | – – | – – | – – | – – | – – – – |
| – – | – – | – – | – – | – – | – – | – – | – – – – |
| – – | – – | – – | – – | – – | – – | – – | – – – – |
| – – | – – | – – | – – | – – | – – | – – | – – – – |
| 64 | 65 | 66 | 67 | 68 | 69 | 70 | 10x7 = 70 |

| | |
|---|---|
| 7 गोलों की 1 लाईन | 1 x 7 = 7 |
| 7 गोलोंकी 2 लाईन | 2 x 7 = 14 |
| 7 गोलों की 10 लाईन | 10 x 7 = 70 |




7 के पहाड़े में 7, 14, 21, 28, ............ 70 ..................


ये सभी 7 के गुणज कहलाते है।

जैसे 7 का एक गुना = 7

7 का दुगुना = 14

7 का तिगुना = 21

इसी तरह ..................



देखो चिनु अब में 4 का पहाड़ा बनाती है।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 1x4 = 4 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 2x4 = 8 |
| 9 | 10 | 11 | 12 | 3x4 = 12 |
| 13 | 14 | 15 | 16 | 4x4 = 16 |
| - - - | - - - | - - - | - - - | - - - - - |
| - - - | - - - | - - - | - - - | - - - - - |
| - - - | - - - | - - - | - - - | - - - - - |
| 37 | 38 | 39 | 40 | 10x4 = 40 |

इतने मे हिमानी आती है और 7 का पहाड़ा इस प्रकार बनाती है।

- सबसे पहले 3 x 3 का वर्ग बनाते हैं।
- दाहिनी तरफ से लम्बवत 1,2,3......9 लिखते हैं।
- बाईं और से पहली पंक्ति में 0, 1, 2
  दूसरी पंक्ति में 2, 3, 4
  तीसरी पंक्ति में 4, 5, 6 लिखते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |

| | | |
|---|---|---|
| 7 | 4 | 1 |
| 8 | 5 | 2 |
| 9 | 6 | 3 |

| | | |
|---|---|---|
| 07 | 14 | 21 |
| 28 | 35 | 42 |
| 49 | 56 | 63 |

ये बन गया 7 का पहाड़ा।



## 10 का पहाड़ा

पहले 1 से 10 तक लिख देते है और उनके दाहिनी और 0–0 लगा देते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | — | 10 |
| 2 | — | 20 |
| 3 | — | 30 |
| 4 | — | 40 |
| 5 | — | 50 |
| 6 | — | 60 |
| 7 | — | 70 |
| 8 | — | 80 |
| 9 | — | 90 |
| 10 | — | 100 |




## 8.3 11 से 20 तक पहाड़े बनाना


मान लो तुम्हे 12 का पहाड़ा बनाना है तो पहले 11 का पहाड़ा लिख लो। फिर उनमें 1, 2, 3, 4, ................................10 तक जोड़ते जाओ।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 11 | + | 1 | = | 12 |
| 22 | + | 2 | = | 24 |
| 33 | + | 3 | = | 36 |
| 44 | + | 4 | = | 48 |
| 55 | + | 5 | = | 60 |
| 66 | + | 6 | = | 72 |
| 77 | + | 7 | = | 84 |
| 88 | + | 8 | = | 96 |
| 99 | + | 9 | = | 108 |
| 110 | + | 10 | = | 120 |

| दस के पहाड़े की सहायता से 12 का पहाड़ा बनाना | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 10 | + | 2 | = | 12 |
| 20 | + | 4 | = | 24 |
| 30 | + | 6 | = | 36 |
| 40 | + | 8 | = | 48 |
| 50 | + | 10 | = | 60 |
| 60 | + | 12 | = | 72 |
| 70 | + | 14 | = | 84 |
| 80 | + | 16 | = | 96 |
| 90 | + | 18 | = | 108 |
| 100 | + | 20 | = | 120 |




ठीक इसी तरह आगे के पहाड़ भी बना सकते हैं।





## प्रयास कीजिए –

1. 8 और 9 के पहाड़े बनाइए।
2. 13 से 20 तक के पहाड़े बनाइए।
3. 10 के प्रथम पाँच गुणज बनाइए।

**आओ देंखे** – 10 के पहाड़े से 19 का पहाड़ा बनाना।

## पहाड़े बनाने का एक और तरीका–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 10 | + | 9 | = | 19 |
| 20 | + | 18 | = | 38 |
| 30 | + | 27 | = | 57 |
| 40 | + | 36 | = | 76 |
| 50 | + | 45 | = | 95 |
| 60 | + | 54 | = | 114 |
| 70 | + | 63 | = | 133 |
| 80 | + | 72 | = | 152 |
| 90 | + | 81 | = | 171 |
| 100 | + | 90 | = | 190 |







इसी तरह आप भी पहाड़े बना सकते है।


## प्रश्नावली 8

1. 16,17,18 का पहाड़ा 10 के पहाड़े की सहायता से बनाइए।

2. गुणा सारणी को पूर्ण कीजिए।

| x | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | 36 | | | | | | |
| 13 | | | | | | | | | |
| 15 | | | | | 90 | | | | |
| 18 | | | | | | | | | |
| 19 | | | | | | | | | |
| 20 | | | | | | | | | 200 |

3. गोले में लिखी संख्याओं में से कौन किसके पहाड़े में आता हैं।




नोट : अध्यापक बच्चों को आगे (21 से 40 तक) पहाड़े भी इसी तरह बनाना सिखाएँ।